मूल्य – 5 रु.

Tara

# तारांशु

मासिक

अप्रैल 2023 – मई 2023

वर्ष 9, अंक 12, पृ.सं. 20



## मस्ती की पाठशाला

(झुग्गी-झोंपड़ी के बच्चों हेतु अनौपचारीक सांयकालीन स्कूल)

## के बच्चे पिकनिक स्थल पर

# "आनन्द वृद्धाश्रमों हेतु भविष्य निधि योजना"

**तारा संस्थान के आनन्द वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की निरंतर भोजन सेवा, चिकित्सा हेतु भविष्य निधि ( Corpus Fund ) में सहयोग देवें।**



## वृद्धजन सहयोगी "शांति"
**रु. 1,00,000/-**

## वृद्धजन सहयोगी "शक्ति"
**रु. 51,000/-**

## वृद्धजन सहयोगी "आस्था"
**रु. 21,000/-**

**आपके सहयोग की ब्याज राशि से वृद्धाश्रम के कार्य चलायमान रहेंगे।**

**आनन्द वृद्धाश्रम सेवा (प्रतिबुजुर्ग)**
**01 वर्ष - 60000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 माह - 5000 रु.**

# मुमुक्षु भवन "श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर", वाराणसी (उ.प्र.)




### मुमुक्षु भवन परम विशिष्ट सहयोगी सदस्य
**1,00,000/-**

इस राशि से निम्न कार्य होंगे :
- मुमुक्षु भवन संचालन।
- बाबा विश्वनाथ के एक साल में 51 अभिषेक।
- साल में एक बार 51 निर्धन लोगों को काशी में भोजन।

### मुमुक्षु भवन विशिष्ट सहयोगी सदस्य
**51,000/-**

इस राशि से निम्न कार्य होंगे :
- मुमुक्षु भवन संचालन।
- बाबा विश्वनाथ के एक साल में 31 अभिषेक।
- साल में एक बार 31 निर्धन लोगों को काशी में भोजन।

### मुमुक्षु भवन सहयोगी सदस्य
**21,000/-**

इस राशि से निम्न कार्य होंगे :
- मुमुक्षु भवन संचालन।
- बाबा विश्वनाथ के एक साल में 11 अभिषेक।
- साल में एक बार 11 निर्धन लोगों को काशी में भोजन।

''काश्यम मरणं मुक्ति'' ऐसी मान्यता है कि भारत के प्रमुख तीर्थस्थलों में केवल काशी को ही मोक्ष प्रदान करने का अधिकार है। इन्हीं पौराणिक मान्यताओं को ध्यान में रखकर श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में गंगा तट स्थित मणीकर्णिका घाट से 100 मीटर की दूरी पर वैद्यनाथ भवन को मुमुक्षु भवन के रूप में बनाया है। तीन मंजिला भवन में लगभग 40 बेड हैं और साथ ही भोजन हॉल और एक्टिविटी कक्ष भी है। यहाँ ऐसे बुजुर्ग जो काशी में अंतिम सांस लेना चाहेंगे वो रहेंगे अल्पावधि (अधिकतम 15 दिन) के लिए भी कुछ लोग रह सकेंगे। तारा संस्थान द्वारा वृद्धाश्रम संचालन के अनुभव को देखते हुए संस्थान को श्री काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के मुमुक्षु भवन का संचालन दिया गया है। संस्थान ने निर्णय किया है कि इस भवन में रहने वाले आवासियों के लिए यह पूर्णतया निःशुल्क होवे। अतः इस भवन के संचालन हेतु एक योजना हमारे दानदाताओं के लिए बनाई गई है। इसमें आप उपर्युक्त प्रकार से दान सहयोग कर सकते हैं।

## काशी में कराएँ गरीबों को भोजन

**कहते हैं कि भूखे को भोजन करवाकर न सिर्फ मन वरन् अंतरात्मा भी संतृप्त होती है। आप भी**

**रु. 2100/- दान देकर**

**50 निर्धन लोगों की क्षुधा शांत कर काशी विश्वनाथ की धरा वाराणसी में पुण्य लाभ कमा सकते हैं।**



संस्थान द्वारा गरीबों में भोजन वितरण करते हुए



शुद्ध संकल्प हमारे जीवन का अनमोल खजाना है।

''तारा संस्थान, उदयपुर'' राजस्थान रजिस्ट्रीकरण प्रमाण-पत्र क्रमांक :
31/उदयपुर/2009-10 दिनांक 25 जून, 2009 द्वारा पंजीकृत है।

तारांशु - वर्ष 9, अंक - 12, अप्रैल 2023 - मई 2023

आशीर्वाद
**डॉ. कैलाश 'मानव'**
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट), उदयपुर

आभार
**श्रीमती पुष्पा - श्री एन.पी. भार्गव**
मुख्य संरक्षक, तारा संस्थान,
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

संरक्षक मण्डल

**श्रीमती शमा - श्री रमेश सचदेवा**
दिल्ली

**श्रीमती सुषमा - श्री सत्यभूषण जैन**
दिल्ली

**डॉ. जे.पी. शर्मा**
दिल्ली

**श्रीमती प्रेम निझावन**
दिल्ली

**श्रीमती लता - श्री लक्ष्मण दास भाटिया**
मुम्बई

**श्री ओ.सी. जैन**
रतलाम (म.प्र.)

**श्रीमती राजरानी - (स्व.) श्री राजेन्द्र कुमार जैन**
दिल्ली

**श्री प्रताप सिंह तलेसरा**
उदयपुर

प्रकाशक एवं सम्पादक
**कल्पना गोयल**

दिग्दर्शक
**दीपेश मित्तल**

कार्यकारी सम्पादक
**तरुण सिंह राव**

ले-आउट व ग्राफिक डिजाइनर
**गौरव अग्रवाल**

# अनुक्रमणिका


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| योजनाएँ | 02 |
| अनुक्रमणिका | 03 |
| लेख - 1 : 1100 कि.मी. कार चलाकर तारा संस्थान पहुँचे बुजुर्ग शर्मा दम्पति | 04 |
| लेख - 2 : एक आबाद घर | 05 |
| आनन्द वृद्धाश्रम : नवीनतम आवासी | 06 |
| अन्नदान ( तृप्ति ) योजना | 07 |
| EdCIL (India) द्वारा तारा संस्थान को सी.एस.आर. के अन्तर्गत सहयोग | 08 |
| एस.बी.आई. कैप सिक्युरिटीज के एम.डी. व सी.ई.ओ. | 09 |
| हमारे भामाशाह | 10 |
| न्यूज ब्रीफ / विधवा मासिक पेंशन ( गौरी ) योजना | 11-14 |
| मस्ती की पाठशाला / भावभीनी श्रद्धांजलि | 15 |
| नेत्रालय मासिक अपडेट्स / धन्यवाद / हार्दिक श्रद्धांजलि | 16 |
| अभिनन्दन / हमारे प्रेरक | 17-18 |
| सम्पर्क सूत्र - तारा संस्थान | 19 |


## आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव' संस्थापक - नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर



श्रीमती कल्पना गोयल ( दाएं ) अपने पूज्य पिता डॉ. कैलाश ''मानव'' तथा श्रीमती कमला देवी अग्रवाल की सन्निधि में

'तारांशु' – स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240–ए, हिरण मगरी, सेक्टर – 6, उदयपुर (राज.) 313002 से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच – III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन – II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में मुद्रित, सम्पादक – श्रीमती कल्पना गोयल




# 1100 कि.मी. कार चलाकर तारा संस्थान पहुँचे बुजुर्ग शर्मा दम्पति

अंग्रेजी में एक कहावत है "Age is just a number" या यूँ कहें कि उम्र एक आँकड़ा भर है जो प्रतिवर्ष बढ़ता रहता है। कहने सुनने में यह वाक्य बहुत अच्छा लगता है लेकिन असल जीवन में इस वाक्य को बहुत कम लोग उतार पाते हैं। हम अपने आस पास देखते हैं तो बहुत से लोग जब रिटायर्ड हो जाते हैं तो वे वाकई में अपने आपको बूढ़ा मान लेते हैं जबकि आज के संदर्भ में देखा जाए तो औसत भारतीय आयु अभी लगभग 70 वर्ष है तो 60 की आयु में यदि कोई रिटायर्ड भी हो रहे हैं तो भी ये माना जा सकता है कि वे औसत भारतीय की आयु तो कम से कम प्राप्त करेंगे ही और सामान्य मध्यवर्गीय या उच्च परिवारों में जहाँ Health Conscious लोग होते हैं थोड़ा सा व्यायाम, थोड़ा परहेज इस औसत को कई साल ऊपर बढ़ा सकता है। तारा संस्थान चूंकि वृद्ध लोगों हेतु काम करता है और हमारे दानदाताओं में भी 60 वर्ष या अधिक के महानुभावों का प्रतिशत ज्यादा है सो मैं ये दावा कर सकती हूँ कि भले ही मैं अभी बुजुर्ग नहीं हूँ लेकिन हमारा अनुभव वृद्धावस्था के क्षेत्र में कई बुजुर्गों जितना है और ये अनुभव से दावा कर सकते हैं कि उम्र को यदि एक आँकड़ा मान लिया जाये तो 60 वर्ष के बाद का जीवन बेहतरीन हो सकता है। 84 वर्ष की प्रेम निझावन माताजी है जो जब भी तारा या नारायण सेवा का कोई कार्यक्रम हो आराम से ट्रेन में आ जाती हैं या उनके साथ आने वाले कालरा अंकल आंटी जो कि 75 से ऊपर के होने पर भी आराम से घूमते फिरते हैं या लगभग 80 वर्ष के इंग्लैण्ड में रहने वाले हमारे बच्चू भाई जिन्होंने पत्नी श्रीमती मीरा की सालों पहले मृत्यु के बाद भी अपने आपको बेबस नहीं पाया, खुद घर का काम भी करते हैं सर्दियों में भारत आकर सेवा भी करते हैं और भारत भ्रमण भी। कहने को इतने किस्से हैं कि ना जाने कितनी तारांशु के पन्ने इन्हीं कहानियों से रंग दूँ लेकिन अभी कुछ दिन पहले एक दम्पति श्री रवीन्द्र कुमार जी शर्मा और श्रीमती सुलोचना जी शर्मा, कांगड़ा (हि.प्र.) से उदयपुर आए थे उनसे मिली तो बस ये लगा कि उम्र को उम्र मानना या ना मानना हमारे हाथ में ही तो है।

शर्मा दम्पति पिछले 6–7 साल में तारा संस्थान से जुड़े हैं पी.डब्ल्यू.डी. हिमाचल से आप रिटायर्ड हैं और मुझे ये बताया गया कि आप दोनों मुझसे मिलना चाहते हैं। मैंने भी उनसे मिलकर उनका सम्मान करने की इच्छा जताई क्योंकि इतनी दूर से तारा संस्थान देखने आना भी बहुत बड़ी बात होती है। उनसे मिली उन्होंने जो भी दान देना था दिया और बातों बातों में मैंने पूछ लिया कि आप कांगड़ा से ट्रेन से आए या फ्लाइट से। उन्होंने जो मुझे बताया तो वो चौंकाने वाला था। शर्मा जी कांगड़ा से गाड़ी लेकिर उदयपुर आए थे जो कि लगभग 1100 कि.मी. है। आप लोग सोच रहे होंगे कि इसमें क्या है हम भी कई बार इतना तो By Road Travel कर लेते हैं लेकिन बड़ी बात ये है कि 73 वर्ष की अवस्था में जब कई लोग एक शहर में ही गाड़ी नहीं चलाते ऐसे में शर्मा जी खुद गाड़ी चला कर कांगड़ा से उदयपुर आए उन्हें रात में गाड़ी चलाने में दिक्कत है सो वे रास्ते में दो रात रुके भी और उस पर ये भी कि उनकी गाड़ी छोटी सी Alto है जिसे चलाना भी उतना आसान नहीं होता। सच में उन्हें देखकर यही लगा कि यदि मन मजबूत हो तो हम क्या नहीं कर सकते हैं?

एक संस्थान में काम करने की जो सबसे अच्छी बात है वो यह कि अलग अलग महानुभावों से मिलना हो जाता है जो कि बेहद प्यारे इंसान होते है और वे हमें इतना लाड़ और सम्मान देते हैं कि मन गद्गद् हो जाता है और अगर ये पता लगे कि मेरे पिता से थोड़े ही छोटे एक अंकल 1100 कि.मी. दूर से मुझसे मिलने गाड़ी चला कर आए हैं तो उनकी हिम्मत को प्रणाम करते हुए अपने आप को सौभाग्यशाली मानती हूँ।

शर्मा साहब जब वापस जा रहे थे तो हमने जिद कर उनको उनकी गाड़ी में ही छुडवाते के लिए ड्राइवर साहब को भेजा क्योंकि उनके जितनी हिम्मत हममें नहीं है और वे सकुशल वापस कांगड़ा पहुँच गए।

ईश्वर से यही प्रार्थना है कि मेरा आपका सभी का मन मजबूत रखे ताकि हमारी उम्र भी महज एक आंकड़ा भर बन जाए और हर आता जन्मदिन हमारे जीवन में अनुभव और ज्ञान बढ़ने का उल्लास जगाता रहे।

आदर सहित...

**– कल्पना गोयल**



**सरल स्वभाव वाला सदा समाधान स्वरूप होगा।**

# एक आबाद घर



श्री लक्ष्मण जी सड़क किनारे पाए गए



श्रीमती मंजू जी
श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में

मार्च के अंतिम सप्ताह की बात है मेरे पास उदयपुर के समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक श्री मांधाता सिंह जी का फोन आया कि उदयपुर के पूर्व मेयर श्री चन्द्र सिंह कोठारी की जानकारी में एक वृद्ध आए हैं जिनका कोई नहीं है और उनके पास जीवनयापन की भी कोई व्यवस्था नहीं है आप उन्हें वृद्धाश्रम में बुला लो। तारा में उस दिन कोई गाड़ी नहीं थी लेकिन हमारी कार्यकर्त्ता भावना जी ने बोला मैं अपनी गाड़ी से उनको लाती हूँ और उनके साथ तारा के इलेक्ट्रीशियन दशरथ जी को भेजा और वे दोनों गए। पूर्व मेयर साहब श्री कोठारी ने लक्ष्मण जी को तारा की टीम के साथ भेजा और लक्ष्मण जी श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में आ गए।

लक्ष्मण जी के आस पास के लोगों ने यह बताया था कि वे ठेला चलाते थे और अब उम्र के कारण नहीं चला पा रहे है तो पिछले कुछ दिनों से कुछ ढंग से खाया पिया भी नहीं था। ऐसा नहीं है कि हमारे यहाँ अड़ोस पड़ोस के लोग मदद नहीं करते लेकिन संकोच वश शायद लक्ष्मण जी ने किसी की मदद नहीं ली और वे ज्यादा कमजोर होते चले गए।

ये लेख लिखे जाते तक लक्ष्मण जी को कुछ दिन हो गए हैं लेकिन उन्होंने काफी समय से कुछ खाया पिया नहीं था तो वे ज्यादा कुछ बोल भी नहीं पा रहे हैं और इतने अशक्त हैं कि अभी भी वे ढंग से खाना पीना भी नहीं कर पा रहे हैं। थोड़े वक्त के साथ लक्ष्मण जी ठीक हो जाऐंगे और शायद वे भूल भी जाए कि उन्हें कोई तकलीफ भी हुई थी और वृद्धाश्रम में संगी साथी उनके मन के कुछ घाव होंगे उनको भी भर देंगे।

अगले ही दिन मेरे पास फोन आया कि उदयपुर की ए.डी.एम. (अतिरिक्त कलेक्टर) मैडम ने सूचना दी है कि शहर के भंडारी हॉस्पीटल के पास सड़क पर एक महिला है उनका कोई नहीं है उन्हें आप वृद्धाश्रम में ले आओ। टीम भेजी गई और श्रीमती मंजू को भी श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में जगह मिल गई। अच्छे खान पान से वे थोड़ा ठीक हुई और उन्होंने बताया कि वे उदयपुर से करीब 50 कि.मी. दूर झाड़ोल फलासिया गाँव की है और शहर के मल्ला तलाई क्षैत्र में रह रही थी। पति सारे समय शराब में रहते हैं और घर का किराया नहीं दे पाई तो उन्हें मकान मालिक ने घर से निकाल दिया। अकेली वृद्ध महिला सामान समेत सड़क पर आ गई, अब करें तो क्या करें। लेकिन जिनका कोई नहीं उनका तो ईश्वर होता है तो किसी भले आदमी ने प्रशासन को खबर की और अब वे अपने नए घर में आ गई जहाँ अब उन्हें कोई चिंता नहीं है। वृद्धावस्था में यदि ये निश्चिंतता हो जाए कि अब हमारे खाने–पीने दवा–हॉस्पीटल कपड़े–लत्ते सब की व्यवस्था हो जाएगी तो जो भी जीवन आगे लिखा है वो सुकून भरा बीतेगा।

लक्ष्मण जी की और मंजू जी की कहाने आपके साथ इसलिए शेयर कर रहे हैं कि आपको भी पता रहे कि आप जिस संस्थान को दान दे रहे हैं वो किस तरह से काम करती है। वैसे तो आपका भरोसा हम पर है तभी तो आप निरंतर तारा को सहयोग दे रहे हैं लेकिन आप में से अभी भी बहुत कम लोग हैं जो उदयपुर आए हैं तो इस तरह की कहानी आपको यह अहसास अवश्य देगी कि आपने सही चुनाव किया है।

आपका और हमारा साथ बहुत से लक्ष्मण जी और मंजू जी को एक सम्मान पूर्वक जीवन संध्या दे रहा है। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि यह साथ और मजबूत होता रहे।

सादर...

– दीपेश मित्तल

# यहाँ का खाना तो घर से भी बेहतर है : श्री आनंद वर्मा और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुलोचना देवी वर्मा




लगभग 65 वर्षीय श्री आनंद वर्मा और उनकी धर्म पत्नी श्रीमती सुलोचना देवी वर्मा जो कि लगभग 59 साल की हैं उन्होंने पिछले हफ्ते अर्थात् 2 मार्च को ही आकर इस आनंद वृद्धाश्रम में प्रवेश लिया है। श्री वर्मा जी मुम्बई एक व्यापारी के यहाँ एकाउंटिंग का कार्य करते थे और पत्नी सुलोचना जी ग्रहणी थी। इस दंपति के 4 बेटियाँ हैं और वे चारों विवाहित हैं और अलग–अलग शहरों में सेटल्ड हैं। वर्मा जी को कार्य करते हुए लगभग 40 साल हो गए थे मुंबई में, और फिर लगा कि अब उम्र अधिक हो चली है ज्यादा कार्य नहीं कर पाएंगे और घर में कोई बाल बच्चे भी नहीं है अकेलापन भी सुहाता नहीं था तो इनके ऑफिस में ही इनके बॉस के कोई रिश्तेदार जो कि तारा संस्थान, उदयपुर के बारे में जानते थे तो उन्होंने कहा कि अगर आप चाहे तो वहाँ जा कर रह सकते हैं और समस्त सुविधाएँ निःशुल्क मिलेगी और अगर आप कोई काम धंधा करो, करना चाहें यहीं पर तो आपको एक दुकान खुलवा कर दे सकते हैं तो वर्मा जी ने सोचा कि दुकान का काम तो अब हम नहीं कर पाएंगे इसके अतिरिक्त अपनी चार बेटियों के यहाँ भी ज्यादा समय तक रुकना शोभा नहीं देता है तो उन्होंने तय किया कि वह उदयपुर आकर आनंद वृद्धाश्रम में प्रवेश ले लेगें और ऐसा उन्होंने पिछली 27 तारीख को कर ही लिया और यहाँ आकर अति प्रसन्न हुए और काह कि यहाँ सब कुछ कितना सुव्यवस्थित है। लोग बहुत हिल मिलकर रहते हैं एक दूसरे के दुख सुख की बातें करते हैं समय पर भोजन (बकौल उनके–घर से भी बेहतर भोजन) और अन्य सारी व्यवस्थाएँ हो जाती हैं और स्वास्थ्य चिकित्सा की भी पूरी व्यवस्था है, तो बड़े खुश हुए। दोनों दंपत्ति को यहाँ आए हुए अभी 10–12 दिन ही हुए हैं ये अत्यंत प्रसन्न हैं कि उन्हें अपना बुढ़ापा गुजारने के लिए एक अच्छा सा स्थान मिल गया है और तारा संस्थान की तरफ से इन दंपति को एक रूम भी दिया गया है–समस्त सुविधाओं से परिपूर्ण। अब रही बात यहाँ की सारी व्यवस्थाओं की तो उनसे तो वे अति संतुष्ट हैं लेकिन जिन सब के सहयोग से यह व्यवस्था चलती है उन दानदाताओं के बारे में भी जब हमने उनसे विचार पूछे तो बोले की वह सभी भामाशाह जो इस प्रकार के प्रकल्प सहयोग करके बुजुर्गों का बुढ़ापा सुधार रहे हैं वे इसी प्रकार के शुभ कार्य भविष्य में भी करते रहें। वृद्धाश्रम दानी लोक कल्याण कार्य करते रहें ताकि हमारे जैसे अनेक लोगों को और भी सहारा दिया जा सके। धन्यवाद!

| आनन्द वृद्धाश्रम सेवा (प्रतिबुजुर्ग) | | | वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन |
|---|---|---|---|
| 01 वर्ष 60000 रु. | 06 माह 30000 रु. | 01 माह 5000 रु. | 4000 रु. (एक समय / प्रतियूनिट) |



सबके प्रति कल्याण की भावना रखो।

# निर्धन व एकाकी बुजुर्गों हेतु तारा संस्थान की अन्नदान (तृप्ति) योजनाः एक नज़र में



तारा संस्थान की अनेक सेवाभावी योजनाओं की कड़ी में से एक है – तृप्ति योजना जिसके अंतर्गत ऐसे बुजुर्गों की सहायता की जाती है जो निर्धन–निर्बल, अकेले–असहाय हो या जिनके परिवार में कोई नहीं हो, या वे लोग उन्हें अकेले छोड़ शहरों में नौकरी–धंधा करने चले गए हो ऐसे बुजुर्ग जिनकी आय का कोई साधन न हो, ना ही जो इस लायक हो कि कुछ काम–धंधा कर अपना पेट पाल सकें और जिन्हें दो वक्त की रोटी हेतु भी दूसरों का मुँह ताकना पड़ता हो। संस्थान अपने साधकों द्वारा ऐसे जरूरतमंद लोगों की पहचान कर उन्हें मासिक खाद्य–सामग्री व अन्य आवश्यक चीजें उनके घर–द्वार पर पहुँचाने की व्यवस्था करता है। सामग्री जो प्रत्येक लाभार्थी को हर माह दी जाती है उसका विवरण इस प्रकार हैः 10 किलो आटा, 2 किलो चावल, 2 किलो दाल, 1 किलो तेल, 2 किलो शक्कर और 1 किलो नमक–मिर्ची ऊपर से उन्हें 300 रु. नकद राशि अन्य आवश्यक जरूरतों जैसे हरी सब्जी इत्यादि के लिए दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त बुजुर्गों को कपड़े–लत्ते और कम्बलें भी सप्लाई की जाती हैं। तारा संस्थान ने साधकों व सेवा–भावी ग्रामीणों को मिलाकर ऐसा तंत्र विकसित किया है जो अन्नदान (तृप्ति) योजना को सफलता पूर्वक संचालित करता है। आप चाहें तो आप भी इन मानवीय कार्यों में किसी–न–किसी रूप में अपना सहयोग प्रदान कर सकते हैं।

अब तो ग्रामीण क्षेत्रों के अतिरिक्त शहर व आसपास के इलाके के निःसहाय गरीबों को इस योजना का लाभ मिल रहा है, ये लोग तारा संस्थान के कार्यालय से हर माह अपना किट ले जाते हैं। **नीचे फोटो में देखिये ऐसे ही दिन कुछ तृप्त लाभार्थियों के साथ तारा संस्थान की श्रीमती कल्पना गोयल ( संस्थापक व निदेशक ) तथा श्री दीपेश मित्तल ( संस्थापक व सचिव ) के संवाद के** दृश्य :



**अन्नदान योजना (तृप्ति) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता : 01 वर्ष - 18000 रु., 06 माह - 9000 रु., 01 माह - 1500 रु.**

# EdCIL (India) द्वारा तारा संस्थान को सी.एस.आर. के अन्तर्गत सहयोग




सुश्री पी. जयंती – महाप्रबंधक (सीएसआर)

एडसिल (भारत) द्वारा उनकी सी.एस.आर. पहल के हिस्से के रूप में, उन्होंने तारा संस्थान के सहयोग से 250 नेत्र मोतियाबिंद सर्जरी प्रायोजित करने के लिए प्रतिबद्ध किया है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए तारा संस्थान द्वारा राजस्थान के सिरोही जिले में अनेक स्थानों पर "आँखों की जाँच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर" आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक शिविर 15 मार्च को रेवदर (सिरोही) में आयोजित किया गया था। शिविर में एडसिल (इंडिया) की सुश्री पी. जयंती–महाप्रबंधक (सीएसआर) ने स्वयं भाग लिया। उन्होंने शिविर प्रक्रिया का अवलोकन किया और कुछ रोगियों और समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की। बाद में, सुश्री पी. जयंती ने तारा नेत्रालय उदयपुर का भी दौरा किया, श्रीमती कल्पना गोयल (अध्यक्ष–तारा संस्थान) और श्री दीपेश मित्तल (सचिव–तारा संस्थान) से मुलाकात की और तारा संस्थान की सामाजिक कल्याण गतिविधियों से प्रसन्न हुईं।



एक शिविर का दृश्य



परीक्षायें ही परिपक्व करने का आधार है।

## एस.बी.आई. कैप सिक्युरिटीज के एम.डी. व सी.ई.ओ. ने तारा संस्थान व आनन्द वृद्धाश्रम का दौरा किया



दिनांक 7 फरवरी, 2023 को श्री दीपक कुमार लल्ला (बाएँ से दूसरे) एम.डी. और सी.ई.ओ. (एस.बी.आई. कैप सिक्योरिटीज) ने आनंद वृद्धाश्रम और तारा संस्थान का दौरा किया।

## एस.बी.आई. कैप सिक्युरिटीज द्वारा सी.एस.आर. सहयोग



दिनांक 23 फरवरी, 2023 को तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा विभिन्न शहरों में संचालित आई हॉस्पीटल हेतु निःशुल्क ऑपरेशन हेतु एस.बी.आई. सिक्युरिटीज ने अपना हाथ बढ़ाया। आज मुम्बई स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क 100 ऑपरेशन शिविर के उद्घाटन के अवसर पर एसबीआई सिक्युरिटीज के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री दीपक कुमार लाला ने फीता काटा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निःसंदेह तारा संस्थान सेवा के कार्य में अग्रणी संस्थान हैं। तारा संस्थान द्वारा संचालित मुम्बई, दिल्ली, फरीदाबाद, लोनी तथा उदयपुर में 100—100 ऑपरेशन निःशुल्क किये जायेंगे।

## जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ (17 फरवरी, 2023) : श्रीमान् सुरेन्द्र कुमार एल. अग्रवाल



अहमदाबाद निवासी लगभग 72 वर्षीय श्री सुरेंद्र कुमार कपड़ा व्यवसाई हैं। यह करीबन 7 वर्षों से तारा संस्थान के जनहित कार्यों से जुड़े हुए हैं। हाल ही में इन्होंने संस्थान के सेवा कार्य को देखते हुए संस्थान से जुड़कर गौरवान्वित महसूस करते हैं। अहमदाबाद में राजस्थान हॉस्पिटल के मुख्य द्वार पर चतुर्भुज लाजपत चैरिटेबल जनरल हॉस्पिटल के नाम से इनका नाम लगा हुआ है। श्री अग्रवाल कहते हैं कि दूसरों की भलाई करने में मन को शांति मिलती है और बड़ा आनंद आता है। पिछले वर्ष लॉकडाउन के दौरान भी उन्होंने स्वयं भी दिया एवं अन्य लोगों से भी दान दिलवाया। श्रीमान सुरेंद्र कुमार अग्रवाल कहते हैं कि अधिक–से–अधिक लोग अपनी कमाई का कम–से–कम 10 परसेंट गरीब लोगों के लिए निकालें। इनका प्रयास रहता है कि वह नए–नए दानदाताओं को प्रोत्साहित कर संस्थान से जोड़ पाएंगे। तारा परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन! ईश्वर से प्रार्थना है कि वे सदैव स्वस्थ व प्रसन्न रहें।

## हमारे दानदाता : श्रीमती एवं श्री सोहन लाल उदयराज जी मुनोत, अहमदाबाद

लगभग 72 वर्षीय श्री सोहनलाल उदयराज जी मुनोत अहमदाबाद के निवासी हैं। उनके कपड़े का व्यापार है। सहृदय व दयावान प्रकृति के कारण उनका नारायण सेवा संस्थान से जुड़ना हुआ फिर वे तारा संस्थान से भी जुड़े। तारा संस्थान को बधाई देते हुए कहते हैं यह एक बहुत ही अच्छा प्रयास है कि निर्धन व जरूरतमंद लोगों की इतनी सहायता की जा रही है। संस्थान की समस्त योजनाएँ प्रशंसनीय हैं। फिर भी, वृद्धाश्रम व नेत्रालय के प्रकल्प विशेषकर दिल के करीब है। संस्थान के माध्यम से लोगों की मदद करने के बारे में सोहन लाल जी कहते हैं कि इससे सुखद आनन्द की अनुभूति होती है। उन्होंने अभी तक तारा संस्थान का कोई विजिट नहीं किया है लेकिन भविष्य में मौका मिला तो अवश्य आना पसंद करेंगे। श्री सोहन लाल जी का आमजन को संदेश है कि वे गरीब लोगों की हर संभव सहायता करें। धन्यवाद!



## श्रीमती प्रेम जी निझावन : जीवन परिचय



**स्व. श्री के.सी. जी निझावन**



**श्रीमती प्रेम जी निझावन**

श्रीमती प्रेम जी निझावन (जन्म दिवस 10 दिसम्बर, 1939) धर्मपत्नी स्व. श्री के.सी. जी निझावन (जन्म दिवस 05 जनवरी, 1937) संरक्षक, तारा संस्थान श्रीमती प्रेम निझावन जी का जन्म पाकिस्तान में हुआ। दोनों ही परिवारों ने भारत–पाकिस्तान की लड़ाई देखी और लड़ाई के दौरान ही भारत में आये और इन्हें बहुत मुसीबतों का सामना करना पड़ा। श्रीमती प्रेम निझावन जी को अक्टूबर 1965 में टीचर की नौकरी मिल गई। 20 दिसम्बर, 1969 को इनकी शादी (दिल्ली) में हुई। बी.ए. और एम.ए. (हिन्दी से) दिल्ली यूनिवर्सिटी से की और बी.एड. पंजाब यूनिवर्सिटी से की। स्व. श्री के.सी. निझावन जी "आर.ओ." में थे। आपश्री का नारायण सेवा संस्थान में जुड़ाव हुआ 2008 में टी.वी. देखने पर। श्री के.सी. निझावन जी का 14 जुलाई, 2010 को उनका स्वर्गवास हो गया। 2010 के बाद 2011 में तारा संस्थान परिवार में शामिल हो गईं। अब तारा संस्थान ही उनका परिवार है और एवं नारायण सेवा संस्थान ने उन्हें बेसहारा लोगों की सेवा करने का माध्यम बनाया। वे कहती हैं कि जब तक मेरा जीवन है तब तक मैं ज्यादा से ज्यादा सहयोग करती रहूंगी।

आदरणीय,

आपने वित्तीय वर्ष 2022–2023 में तारा संस्थान में दान देकर कई जरूरतमंद व्यक्तियों को राहत पहुँचाई। आपका अनेक धन्यवाद। अतः आपसे निवेदन है कि INCOME TAX के नियमानुसार यदि आप TAX में छूट चाहते हैं तो आपका PAN NO. संस्थान को देना जरूरी है। इसे हम अपने INCOME TAX RETURN के 10 BD में सूचित करेंगे तो ही आपको छूट मिलेगी। यदि आप छूट ना भी लेना चाहें तो आप निम्न में से कोई भी ID दे देवें।

**● VOTER ID ● AADHAR CARD ● RASHAN CARD ● PASSPORT ●**

यह भारत सरकार के नियमानुसार अनिवार्य है। कृपया आप इस व्हाट्सएप्प नम्बर **9549399993** पर सूचित करावें।

आदर सहित....!

**कल्पना गोयल**



इस मन को मेहमान बना दो तो महान बन जायेंगे।

## 03.02.2023 Lions Club at Old Age Home




लायन्स क्लब अरावली द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया और साथ में अन्त्याक्षरी भी खेली गई। माँ द्रौपदी देवी आनंद वृद्धाश्रम व श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रम दोनों आश्रम से बुजुर्गों ने इस आयोजन में बड़े चाव से भाग लिया।

## 04.02.2023 Former MP Celebrated his Birthday at Old Age Home



तारा संस्थान द्वारा संचालित श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में आज पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने अपना 62 वां जन्मदिन वृद्धाश्रम के आवासियों के साथ मनाया। श्री मीणा एक एक वृद्धजन से मिले तथा उनकी कुशलता के बारे में जानकारी प्राप्त कीं। इस अवसर पर श्री मीणा ने कहा कि निःसंदेह तारा संस्थान वृद्धों के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहा है।

## 20.02.2023 Jain Social Group Celebrated Holi at Old Age Home




तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा संचालित श्रीमती कृष्णा शर्मा आनन्द वृद्धाश्रम में आज जैन सोशल ग्रुप के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में होलिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया। वृद्धाश्रम में ग्रुप के सभी सदस्यों ने वृद्धों से मिलकर खुशी का इजहार किया तथा इस अवसर पर प्रत्येक सदस्य द्वारा कोई न कोई प्रस्तुती पेश की गई।

## 04.02.2023 Congress Spokesperson Visits Old Age Home



तारा संस्थान द्वारा संचालित श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर (डॉ.) गौरव वल्लभ एवं हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के पूर्व मुख्य कार्यकारी एवं वेदांता समूह के निदेशक श्री अखिलेश जोशी ने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## 09.02.2023 Resident of Mumukshu Bhawan Passed Away



मैसूर कर्नाटक से आई हुई थी सुशीला माँ, उनकी सहेली उमा देवी और छोटी बहन उमा चंद्रकर के साथ मुमुक्षु भवन में रह रही थी। 4 फरवरी, 2023 को उनका स्वर्गवास हो गया था जिनका दाह संस्कार 5 फरवरी को किया गया।

## 21.02.2023 Senior Citizen & Kids Enjoy a Meeting



तारा संस्थान संचालित आनंद वृद्धाश्रम के लगभग 50 वरिष्ठ नागरिक निराश्रित बालग्रह में बच्चों से मिलने व पिकनिक मनाने पहुंचे। सामाजिक सरोकारों हेतु कार्यरत समिधा संस्थान द्वारा चलाए जा रहे समिधा निराश्रित बालग्रह सालेरा मावली में लगभग 50 वृद्धजन और लगभग 50 ही बालक आपस में जब मिले तो एक अद्भुत संयोग बना।

**21.02.2023**

## Spiritual Programme at Mumukshu Bhawan



काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, वाराणसी स्थित तारा संस्थान संचालित मुमुक्षु भवन में प्रजापति ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय वाराणसी के भाई रूप सिंह जी द्वारा परमपिता परमात्मा का सत्य परिचय करवाया एवं भगवान शिव के बारे में पूरी जानकारी दी तथा भगवान की प्राप्ति कैसे करें इस बारे में सबको उन्होंने समझाया एवं बुजुर्गों को फल वितरण किए। तत्पश्चात हमारे बुजुर्ग श्री महेश चंद्र शर्मा द्वारा उनका सम्मान किया गया।

**25.02.2023**

## A Gentleman Celebrated his Birthday at Old Age Home



तारा संस्थान द्वारा संचालित राजकीय वृद्धाश्रम बलीचा उदयपुर में श्री मुकेश जी व्यास ने आवासी बुजुर्गों के साथ केक काटकर अपना बर्थडे मनाया। आप भी इस प्रकार के आयोजन के लिए संपर्क करें: तारा संस्थान, उदयपुर मो. नं. 95493 99993

**03.03.2023**

## South Gujarat University Students visit Tara Eye Hospital & Old Age Home




एम.एस.डब्ल्यू कार्यक्रम, समाजशास्त्र विभाग, वीर नर्मद दक्षिण गुजरात के 31 विद्यार्थियों ने तारा संस्थान, उदयपुर का दौरा किया। सबसे पहले उन्होंने उदयपुर स्थित तारा संस्थान के अस्पताल में जाकर मरीजों से मुलाकात की और तारा संस्थान की गतिविधियों का अवलोकन किया. इसके बाद सभी छात्र के पास सेक्टर 14 में स्थित श्रीमती कृष्णा शर्मा आनंद वृद्धाश्रम पहुंचे।

**07.03.2023**

## Holi Celebrated with Lots of Joy in Various Old Age Home of Tara Sansthan



तारा संस्थान संचालित विभिन्न वृद्धाश्रमों में होली उत्सव बड़े धूम धाम से मनाया गया।

**14.03.2023**

## Kshatrani Sangdhan Celebrated Holi Sneh Milan





''रावली ड्योढ़ी'' नामक क्षत्राणी संगठन की महिला सदस्यों ने परिवार से उपेक्षित बुजुर्गों के साथ ''होली स्नेह मिलन व प्रीतिभोज'' का आयोजन रखकर उनके चेहरों पर आनंद व उत्साह का संचार किया। इस दौरान बुजुर्गों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा बुजुर्गों को पुरस्कार वितरित किये गये। इस अवसर पर संस्थान की संस्थापिका कल्पना जी गोयल, प्रभारी संगीता देवड़ा व अन्य स्टाफ भी उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन श्रीमति शैल कँवर मदारा श्रीमती सरोज कँवर बासनी ने किया।



लक्ष्यहीन मनुष्य का जीवन कौड़ी तुल्य है।

**15.03.2023**

## Smt. Kalpana Goyal honored with "Indira Mahila Shakti Protsahan & Samman Puraskar 2023"



तारा संस्थान की संस्थापक एवं अध्यक्ष श्रीमती कल्पना गोयल को "इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान पुरस्कार 2023" से सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्त्वावधान में आरएनटी सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2023 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला कलक्टर ताराचंद मीणा, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त अंजलि राजोरिया, जिला परिषद सीईओ मयंक मनीष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कुलदीप शर्मा, राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड की सदस्य डॉ. दिव्यानी कटारा एवं पदाधिकारियों सहित 400 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीमती कल्पना गोयल को इन्दिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान पुरस्कार 2023 से सम्मानित किया गया।

**17.03.2023**

## A Member of Social Welfare Department Visited Government Old Age Home



समाज कल्याण विभाग राजस्थान की सदस्य डॉ. दिव्यानी कटारा ने तारा संस्थान द्वारा संचालित राजकीय वृद्धाश्रम बलीचा उदयपुर का दौरा किया। वह बहुत खुश थी और फिर उन्होंने गेस्ट बुक में लिखा। ''वृद्धाश्रम में यह मेरी पहली यात्रा है, हालांकि, मैं अपने विचारों को व्यक्त नहीं कर सकती कि मुझे बड़ों से मिलकर और उनका प्यार और आशीर्वाद पाकर कितनी खुशी हुई है। हम उनकी और भी अधिक मदद करना चाहेंगे''।

**23.03.2023**

## Optometrist Day at Shri Sachin Bhatia Eye Hospital



तारा संस्थान द्वारा संचालित श्री सचिन भाटिया आई हॉस्पिटल (अंतर्गत तारा संस्थान, उदयपुर) में आज ऑप्टोमेट्रिस्ट – डे मनाया गया। इस अवसर पर तारा नेत्रालय के वरिष्ठ आई सर्जन डॉ. जी. एल. कुमावत ने कहा कि आप सभी के सहयोग से डॉक्टरों को काम करने में बहुत आसानी रहती है। आपके नेतृत्व में मरीज की प्रारम्भिक जाँच की जाकर डॉक्टरों तक मरीजों को पहुँचाया जाता है जिससे आँखों के निदान में बहुत सफलता मिलती है। आप सभी ऑप्टोमेट्रिस्ट को इस शुभ दिन पर बहुत बहुत बधाई।

**23.03.2023**

## CMHO Udaipur visits Tara Hospital






तारा संस्थान, उदयपुर द्वारा संचालित श्री सचिन भाटिया आई हॉस्पिटल (अंतर्गत तारा संस्थान) का उदयपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एल. बामनिया ने अवलोकन किया। डॉ. बामनिया नेत्रालय में पधारे एक–एक रोगी से मिले तथा उनकी कुशलक्षेम पूछी। तारा संस्थान के कार्यों को देख वे काफी प्रभावित हुए तथा इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निःसंदेह सेवा का काम आप लोग बिना किसी संकोच के कर रहे हैं। आप मरीजों के ऑपरेशन के साथ ही भोजन आदि की भी व्यवस्था करते हैं, जो बहुत ही सराहनीय है। आप लोग अब तक सवा लाख लोगों के ऑपरेशन निःशुल्क कर चुके हैं। यह बहुत ही गर्व की बात है।

स्वचिंतन करो तो परचिंतन से बच जायेंगे।

विधवा मासिक पेंशन ( गौरी ) योजना :

## बच्चे बड़े होते तक मदद जारी रखें : श्रीमती तारा बाई

तारा बाई के पति मजदूरी का करके और उनकी पत्नी व दो छोटे बच्चों का भरण – पोषण करते थे। फिर अचानक एक दिन पति की रोड़ दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई और तारा बाई अपने दो छोटे–छोटे बच्चों के साथ असहाय और अकेली पड़ गई। कहीं से कोई सहारा नहीं था, पीहर से भी नहीं। तो तारा को स्वयं मजदूरी करनी पड़ी। जब दिहाड़ी नहीं मिलती तो वह अन्य लोगों के खेतों में काम करती। फिर वह भी बंद हो जाता तो लोगों के घरों में झाड़ू–पौंछा कर लेती। इस प्रकार जिस समय जो भी काम मिलता वह करके अपने दो बच्चों की परवरिश कर रही है। तारा सोचती है कि अगर पति होते तो ये दिन नहीं देखने पड़ते। कभी–कभी तो काम न होने के कारण भूखे रहने की नौबत आ जाती है। लेकिन जीवन तो जैसे तैसे चलाना ही है। तारा बाई को तारा संस्थान द्वारा विधवा मासिक पेंशन (गौरी) योजना के अन्तर्गत 1000 रु. मदद दी जा रही है। जिसकी वह बहुत आभारी है एवं अपील करती है कि उसके बच्चे बड़े होते तक मदद जारी रखें।



**विधवा मासिक पेंशन (गौरी) योजना सहायता : प्रति विधवा 01 वर्ष - 12000 रु., 06 माह - 6000 रु., 01 माह - 1000 रु.**



दिनांक 10 मार्च, 2023 को मुम्बई में वृद्धजन समारोह हुआ, जिसमें भायंदर जेष्ठ नागरिक सेवा संस्थान भायन्दर पश्चिम में यह प्रोग्राम हुआ। जिसमें संस्था द्वारा 70 वर्ष से ऊपर के सभी वृद्धों का सम्मान किया गया।

**Such Street Kids are Helped by Tara Sansthan through "Masti Ki Pathashala"**





राग द्वेष के बदले वैराग की भावना रखो।

# झुग्गी-झोपड़ियों के बच्चों हेतु सायंकालीन अनौपचारिक कक्षा में मूल शिक्षा के अतिरिक्त पाठ्योत्तर कार्यक्रम नियमित रूप से किए जाते हैं, देखिए कुछ झलकियाँ :









**झुग्गी झोंपड़ी के 1 बच्चे की शिक्षा सौजन्य सहयोग रु. 6000/- प्रति वर्ष**

## भावभीनी श्रद्धांजलि : (स्व.) श्री भभूत राम जी मंगरोला (जोधपुर)



जोधपुर के एक गरीब परिवार में जन्मे श्री भभूतराम जी मंगरोला एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे एवं स्वभाव से बहुत दयालु भी। वे जोधपुर के कुलदीप टाइप राइटिंग में सर्वश्रेष्ठ रहे एवं इस क्षेत्र में कई नवयुवाओं को रोजगार भी दिलवाए। श्री मंगरोल जी सी.बी.आई. न्यायालय में वरिष्ठ अधिकारी के रूप में सन् 1996 में रिटायर होकर भी सार्वजनिक जीवन में अति सक्रिय रहे। दुर्भाग्यवश 31 जनवरी, 2023 को उनका देहावसान हो गया और वे अपनी पत्नी के अतिरिक्त एक पुत्र व एक पुत्री को पीछे छोड़ गए। तारा परिवार समस्त मंगरोला परिवार को इस क्षति पर अपनी दुःखद संवेदनाएँ व्यक्त करता है। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बीना जी ने श्री मंगरोला जी की पुण्यतिथि पर व बीना जी स्वयं के जन्मदिवस पर तारा संस्थान के वृद्धाश्रम वासियों के लिए भोजन प्रसाद का सहयोग दिया है।

नेत्रालय मासिक अपडेट्स :

# मोतियाबिन्द जाँच - ऑपरेशन हेतु चयन शिविर

तारा संस्थान निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर, दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद व लोनी (गाजियाबाद) स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित हैं।

## दानदाताओं के सौजन्य से माह फरवरी, 2023 – मार्च, 2023 में आयोजित शिविरों का संक्षिप्त विवरण


**अन्य दानदाताओं के सौजन्य से देशभर में आयोजित शिविर : मेसर्स एस एस निगम – मुंबई ( महाराष्ट्र ), एडसिल ( इंडिया ), कमला देवी मेमोरियल एजुकेशनल वेलफेयर एंड चेयरटेबल सोसाइटी – दिल्ली, मास्टर हेमचंद्र – दिल्ली, मालाश्री फाउंडेशन – दिल्ली, मेसर्स राजीव प्लास्टिक प्रा. लि. – मुंबई, मेसर्स साधना टेक्स टेल्स प्रा. लिमिटेड – परेल ( मुंबई ), रॉ राम कुमार और दीपक यादव – वल्लभगढ़ ( फरीदाबाद ), श्री मनोज जैन और श्री शरद जैन – दिल्ली, श्री चिरंजीलाल धानुका चैरिटेबल ट्रस्ट – दिल्ली, श्री हर्षद नारनभाई देसाई – अहमदाबाद ( गुजरात ), श्री रमेश जी शाह – मुंबई, श्री राम किशन बंशीलाल राठी सा. श्री सुरेंद्र कुमार बंशीलाल राठी सा. – मुम्बई, श्री राजेंद्र अग्रवाल, संसद – मेरठ, श्री सुजाराम जी नोपाजी राठौड़ –पिंडवाड़ा ( सिरोही ), श्री दीपक यादव – वल्लभगढ़, फरीदाबाद, श्री दुर्गा प्रसाद धानुका चैरिटेबल ट्रस्ट – दिल्ली, श्री देवेश कुमार महल्ला ( आईपीएस, डीसीपी, आईजीआई एयरपोर्ट ) – नई दिल्ली, श्री चंद्र प्रकाश चड्ढा जी परिवार के साथ – नई दिल्ली – 08, श्री तेजराम सैनी भूप सिंह सैनी, पहलवान कुलदीप सिंह लकड़ा, प्रेम सिंह सैनी – दिल्ली, श्री जोगिंदर सिंह मान फाउंडेशन – दिल्ली, श्री अनिल मल्होत्रा जी एवं श्रीमती उपासना मल्होत्रा जी श्री तार्थ मल्होत्रा जी ( विकासपुरी ) – नई दिल्ली 18, श्री अशोक कुमार वर्मा पुत्र श्री भंवर लाल जी वर्मा झोटवाड़ा – जयपुर ( राज. ), श्री गुलाब चंद जी वर्धमान परमार जैन – पेसुआ, श्रीमती कंवारी देवी जैन, मातुश्री पदम चंद जैन – सुतापट्टी भागलपुर ( बिहार ), श्रीमती पूनम जैन / श्री विनयभारती जैन – दिल्ली, श्रीमती तनु शर्मा, डीसीपी 7वीं बटालियन – दिल्ली, श्रीमती अग्रवाल जी अग्रवाल एसोसिएट प्रमोटर्स कंसोशियम लिमिटेड – दिल्ली, राधे माँ – मुम्बई, राहत और निर्माण आशिया फाउंडेशन – दिल्ली, शांति लाल जैन, संजय जैन एवं अनिल जैन – दिल्ली, श शांति लाल जैन, संजय जैन, अनिल जैन – दिल्ली, शहीद संदीप कालीरामन, सेना मंडल – फरीदाबाद, सचखंड नानक धाम – लोनी, गाजियाबाद, सुरेश जी गुप्ता – सोनीपत ( हरि. ), डीबीसीएस, ज्योति शर्मा, पायल शर्मा और रोहित अग्रवाल – सीकर ( राज. ), अरहम युवा सेवा ग्रुप – दिल्ली, आर. के. मेडिकोज एवं आरा क्लिनिक सी/ओ यशपाल सैनी – ( नांगलोई ) दिल्ली 41**

---

**Thanks :**

## NAMES AND PLACES OF THE DONORS WE ARE GRATEFUL OF

**Donors are requested kindly to send their photographs along with donation for publishing in TARANSHU**



Mrs. Manju - Mr. Pradeep Kumar Goyal
Ghaziabad (UP)



Mrs. Padma - Mr. A.K. Singhal
Ghaziabad (UP)



Mrs. Gupta - Mr. I.P. Gupta
Panchkula (HR)



Late Mrs. Saroj Bala - Mr. Suresh Chand Agrawal
Ghaziabad (UP)



Mr. Sushil Kumar Garg
Haridwar (U.K.)



Mr. Roopchandra Jain
Agra (UP)



Mrs. Beena Mangrola
Jodhpur (Raj.)



Mrs. Ruma Birla
Gurgaon




Mr. Prakash Chandra Sharma
Jaipur (Raj.)



Mr. Vipul Agrawal
Aligarh (UP)



Mr. Raghubeer Singh - Mrs. Rajkumari
Ghaziabad (UP)



Mr. S.N. Gupta - Saroj Gupta
Ghaziabad (UP)

---

# हार्दिक श्रद्धांजलि

**तारा संस्थान के इन दानदाताओं का स्वर्गवास हो गया। तारा संस्थान की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि।**
**हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति व उनके परिवार को सम्बल प्रदान करें।**



स्व. श्रीमती सावित्री जी छाबड़िया
पुणे ( महा. )



स्व. श्री तारा चन्द जी
काँगड़ा ( हि.प्र. )




स्व. श्रीमती प्रभा रानी जी अग्रवाल



स्व. श्री हेमचन्द्र जी रांका
जयपुर ( राज. )



स्व. श्री मनिराम जी धवन
नई दिल्ली



स्व. श्रीमती कलावती देवी जी – स्व. श्री राम चन्द्र जी
हमीरपुर ( हि.प्र. )



**जो सदा सन्तुष्ट है वही सदा हर्षित एवं आकर्षण मूर्त्त है।**

# ‘तारा परिवार का सौभाग्य कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया’




श्री जितेन्द्र कुमार शास्त्री - श्री जयश्री जैन
जबलपुर ( म.प्र. )

श्रीमती प्रेम देवी - श्री राधेश्याम जी
खण्डेलवाल, अहमदाबाद ( गुज. )

श्री विनोद अग्रवाल एवं श्री अशोक कुमार अग्रवाल
अहमदाबाद ( गुज. )

श्री अतुल गोयल, श्रीमती अनिता गोयल एवं श्रीमती मीनू गुप्ता
रूड़की ( उ.ख. )



श्रीमती विद्या सैनी - श्री प्रेम सिंह सैनी
रूड़की ( उ.ख. )

श्री प्रभू दत्त - श्रीमती सुषमा जी
रूड़की ( उ.ख. )

श्री गोपाल दत्त - श्रीमती अरुणा जी
रूड़की ( उ.ख. )

श्री जय भगवान जैन - श्रीमती राजबाला जैन
दिल्ली

श्रीमती मधु - श्री लोकेन्द्र अजमेरा
इन्दौर ( म.प्र. )



श्री विनोद जी
सीकर ( राज. )

श्री सत्यनारायण विजय
कोटा ( राज. )

श्री सतपाल जैन
रायपुर ( छ.ग. )

श्री हंसमुख भाई राठौड़
मुम्बई

श्री बिहारी लाल नोमानी
रतलाम ( म.प्र. )

श्री एस.सी. जैन
रूड़की ( उ.ख. )

श्री मुकेश शर्मा
इन्दौर ( म.प्र. )

श्री अश्विन कुमार जैन
बरेली ( उ.प्र. )



श्रीमती उषा गुप्ता
दिल्ली

श्री किशोर गुप्ता
दिल्ली

श्री नेहरू लाल जिन्दल
नोएडा ( उ.प्र. )

श्रीमती अर्चना जैन
बरेली ( उ.प्र. )

श्री अरविन्द कुमार अग्रवाल
बरेली ( उ.प्र. )

श्री जानकी लाल अग्रवाल
कोटा ( राज. )

श्री मिवान वैद
हैदराबाद

श्रीमती मंजू वैद
हैदराबाद



श्री विनोद अग्रवाल
हैदराबाद

श्री पवन अग्रवाल
सिकन्दराबाद

श्री तारा चन्द बंसल
हैदराबाद

श्री विजयपाल सिंह चौहान
अहमदाबाद ( गुज. )

श्रीमती शकुन्तला अग्रवाल
हैदराबाद

श्री सम्पतराज जी
बैंगलोर

श्री श्याम सुन्दर चोरडिया
उदयपुर ( राज. )

श्रीमती सपना रावत
देहरादून ( उ.ख. )



श्रीमती कुसुम जैन
देहरादून ( उ.ख. )

श्री पवन बब्बर
द्वारका, दिल्ली

श्री जयसुख अम्बाराम ठककर
बल्हारशाह - चन्द्रपुर ( महा. )

श्री विनोद ठक्कर
चन्द्रपुर ( महा. )

श्री हसमुख ठक्कर
चन्द्रपुर ( महा. )

श्री नवल किशोर अग्रवाल
( कोंटा ) बिलासपुर ( छ.ग. )

श्री सुजीत जी
( नोवेल्टी बैग्स ), नागपुर

श्री ए.एस. भटनागर
जयपुर ( राज. )



श्री निर्मल जी
जयपुर ( राज. )

श्री आर.एल. झा
दिल्ली

श्री ओमप्रकाश तापड़िया
जोधपुर ( राज. )

श्री शीतर प्रसाद जैन
नई दिल्ली

श्री द्वारका दास
राजकोट ( गुज. )

श्री किर्ती भाई
राजकोट ( गुज. )

श्री कान सिंह राठौड
राजकोट ( गुज. )

श्री मयूर भाई
राजकोट ( गुज. )


आई माता महिला मण्डल, चैन्नई


श्री जम्बू कोठारी एवं श्री योगेश कोठारी
यावतमाल ( महा. )


गायत्री मंडली, देहरादून ( उख. )


श्री विजय जैन पुत्र श्री हरीश जैन
दिल्ली


श्रीमती एवं श्री अभय जैन
ठाणे ( महा. )


श्री नरपत सिंह - श्रीमती चंचल मेहता
जोधपुर


शक्ति कीर्तन मण्डली
पंचकुला ( हरियाणा )


श्री हरमेश चन्द डोगरा
चण्डीगढ़


श्रीमती सुमन - श्री अशोक वर्मा
बहादुरगढ़ ( हरियाणा )
( )


श्री पेमा राम - श्रीमती कमला देवी सुथार
जोधपुर ( राज. )


श्री घनश्याम गर्ग
जयपुर


श्रीमती नीना - श्री प्रवीण परमार


श्री वी.डी. जी
राजकोट ( गुज. )


श्री बाबू भाई कंसारा
राजकोट ( गुज. )


श्री जे.सी. कपूर
दिल्ली


श्री राजेन्दर कुमार गुप्ता
दिल्ली


श्री गणेश चन्द शर्मा
शाहदरा, दिल्ली


श्रीमती चन्देर कवात्रा
रानी बाग, दिल्ली - 34


श्री शगुन चन्द्र छाजेड़
जोधपुर ( राज. )


श्री श्रवण सिंह गहलोत
जोधपुर ( राज. )


श्री विनोद कुमार जैन
देहरादून ( उख. )


श्री उत्कर्ष पांडेय
प्रयागराज ( उ.प्र. )


श्री शरद मिड्डा
दिल्ली


भैय्या कोंडबाजी
नागपुर ( महा. )


श्रीमती इन्दु जी
बैंगलोर


श्री राम गोविन्द बेडेकर
नागपुर ( महा. )


श्री विशाल अरोड़ा
दिल्ली - 32


हार्दिक बाफना ( जैन )
दुर्ग ( छ.ग. )

## OUR PRERAKS

**Mr. Ravi Sankar Arora**
H. No. 4/1461, Gali No. 2, Shalimar Park, Shahdra, Delhi 110032
Mob. 9810774473

**Mrs. Chander Kwatra / Mrs. Durga Grover**
WZ-1881, G Floor, Multani Mohlla, Rani Bagh, Near Krishna Mandir, Delhi-3
Mob. 9811387881, 8882922220

**Mr. Tej Ram Saini / Mr. Bhoop Singh Saini**
Plot No. 649, Gali No. 1, Saini Vihar, Mundka, New Delhi 110041
Mob. 9990925858, 8700460958

**Mr. Anil Vishvnath Godbole**
"Wamarpan" 14 State Bank Colony, Devas Road, Near Polotechnique College, Ujjain (M.P.) Mob. 9424506021

**Mrs. Kumud Sharma**
B-30, Maunt Everest Society, Plot No. 17, Sec-9, Dwarka, New Delhi 110077
Mob. 9810547565

**Mr. Raju Agarwal**
TA-115, Okhla Main Road, Tughlakabad Extn., New Delhi-19
Mob. 7042188760, 9212116576

**Mr. Prem Sagar Gupta**
C/5 Raj Villa, B. P. S. 2 Cross Road, Mulund (W), Mumbai (MH)
Mob. 9323101733

**Mrs. Rani Dulani**
10-B/B, Viceroy Park, Thakur Village, Kandiwali (W), Mumbai 400101
Mob. 9029643708

**Mrs. Parmod Mehra - Mr. Amrish Mehra**
Flat No. 801 A Block Platinum Height, Sec 8 Ramprastha Green Vaishali Ghaziabad (U.P.) 201010, Mob. 8368658437, 9313363757

**Mrs. Harsh Arya**
A-140, G. Floor, Sarswati Vihar, Delhi 110034
Mob. 8920727218

**Mr. Dinesh Taneja**
H. No. 235, Opp. Avadh Plaza Hotel, Avas Vikas Colony, Janakpuri, Bareilly (U.P.)
Mob. 9412287735

**Mr. Vishnu Sharan Saxena**
A-3/302, Vishnu Hightech City, Bavadiya Kala, Near Danapani Restaurent, Opp. Ahmedpur Fatak, Hoshangabad Road, Bhopal (M.P.)
Mob. 9425050136, 8821825087

**संबंधित क्षेत्र में सहयोग देने हेतु आप उपर्युक्त फोन पर सम्पर्क कर सकते हैं।**



करुणा की बहती धारा में अपने अविवेक को धो डालो।

## AREA SPECIFIC TARA SADHAKS

**Amit Sharma**
Area Delhi
Cell : 7821855747

**Sanjay Choubisa**
Area Delhi
Cell : 7821055717

**Gopal Gadri**
Area Delhi
Cell : 7821855741

**Ravindra Garg**
Area Lucknow (UP)
Cell : 9358300777

**Narayan Sharma**
Area Hyderabad
Cell : 7821855746

**Vikas Chaurasia**
Area Jaipur (Raj.)
Cell : 9983560006

**Kailash Prajapati**
Area Mumbai
Cell : 7821855738

**Deepak Purbia**
Area Punjab
Cell : 7821055718

**Krishna Gopal Yadav**
Area Jodhpur, Kanpur
Cell : 7412051606

**Rameshwar Jat**
Area Gurgaon, Faridabad
Cell : 7821855758

**Santosh Sharma**
Area Mumbai
Cell : 7821855751

**Mukesh Gadri**
Area Noida, Ghaziabad
Cell : 7821855750

**Kamal Didawania**
Area Chandigarh (HR)
Cell : 7821855756

**Prakash Acharya**
Area Surat (Guj.)
Cell : 7821855726

**Dilip Kumar Choubisa**
Area Ahmedabad, Ratlam, Mandsaur, Neemuch
Cell : 7821855745

**Rajendra Audichya**
Area Nagpur & Pune (MH)
Cell : 7821855736

**Rakesh Menaria**
Area Raipur (C.G.) & Patna (Bihar)
Cell : 8696696345

## TARA SANSTHAN BANK ACCOUNTS

ICICI Bank (Madhuban) . . A/c No. 004501021965 . . . . . . IFSC Code : icic0000045
State Bank of India. . . . A/c No. 31840870750 . . . . . . . IFSC Code : sbin0011406
IDBI Bank. . . . . . . . . . . . . A/c No. 1166104000009645. IFSC Code : IBKL0001166
Axis Bank . . . . . . . . . . . . . A/c No. 912010025408491 . . IFSC Code : utib0000097
HDFC Bank. . . . . . . . . . . . A/c No. 12731450000426 . . . IFSC Code : hdfc0001273
Canara Bank . . . . . . . . . . A/c No. 0169101056462. . . . . IFSC Code : cnrb0000169
Central Bank of India . A/c No. 3309973967. . . . . . . . . IFSC Code : cbin0283505
Punjab National Bank. A/c No. 8743000100004834. IFSC Code : punb0874300
Bank of Baroda . . . . . . . A/c No. 30250100014174 . . . IFSC Code : BARB0HIRANM

## DONORS KINDLY NOTE

It you do not get any response from any of the above mentioned Mob. numbers, Kindly inform us at Mobile No. **09549399993 and / or 09649399993**

## INCOME TAX EXEMPTION ON DONATIONS

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G of I.T. Act. 1961 at the rate of 50%

Donation to **"TARA SANSTHAN"** may be sent by cheque/draft drawn in favor of Tara Sansthan, payable at Udaipur, OR may be remitted direct into any of the following Bank Accounts, with caopy of pay-in-slip and Donor's address to Tara Sansthan, Udaipur for expediting Donation Acknowledgment Receipt

## FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries VIDE Registration No. 125690108

## HUMANITARIAN ENDEAVORS OF TARA SANSTHAN

**Shri Sachin Bhatia Eye Hospital (Under Tara Sansthan - Udaipur)**
236, Hiran Magari, Sector 6, Udaipur (Raj.)-313002, Mob. No. 7821855749

**Tara Netralaya - Delhi**
371, Main Najafgarh Road, Opposite Metro Pillar No. 724, Nawada, Uttam Nagar, New Delhi-110059
Mob. No. 9560626661

**Tara Netralaya - Mumbai**
2nd Floor, Sneh Crown, Near Apna Ghar Phase - 3, Kala Silk, Silvar Sarita, Meera Village, Kashimira, Thane-401107 (Maharashtra)
Mob. No. 7821855748, 9529285557

**Tara Netralaya - Faridabad**
Bhatia Sewak Samaj (Regd.), N.H. - 2, Block - D, N.I.T., Faridabad-121001 (Haryana)
Phone No. 0129-4169898,
Mob. No. 7229852220

**Tara Netralaya - Loni**
Pt. Munshilal-Draupadi Devi Free Eye Hospital Plot No: 78-79, Shiv Vihar Coloney, Near Mokshdham Mandir, Chirodi Road, Banthla Loni, Gaziabad-201102 (U. P.)
Mob. No. 7821855757

**Smt. Krishna Sharma Anand Vrudhashram - Udaipur**
#344/345, Hiran Magri, (In the lane of Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House) Sector – 14, J-Block, Udaipur-313001 (Raj.)
Mob. 7821055720

**Maa Draupadi Devi Anand Vruddhashram - Udaipur**
#351/352, Hiran Magri, (In the lane of Rajasthan Hospital, Opposite Kanda House) Sector – 14, J-Block, Udaipur-313001 (Raj.)
Mob. 9773385330

**Tara Sansthan Rajkiya Vruddhashram**
100ft. Road, Om Banna Road, Opp. Hyundai Show Room, South Extension, Balicha, Udaipur (Raj.)-313001
Mob. 7229852229

**Ravindra Nath Gaur Anand Vrudhashram - Prayagraj**
25/39, L.I.C. Colony, Tagor Town, Prayagraj - 211002 (U.P.), Mob. 7821855755

**Shikhar Bhargava Public School**
H.O. Bypass Road, Gokul Village, Sector - 9, Udaipur - 313002 (Raj.)
Mob. No. 9636016973

**Mumukshu Bhawan - Varanasi**
Ganga Ghat Gate No. 1, Near Neelkanth Temple, Kashi Vishvanath Corridor, Varanasi (U.P.)
Mob. 7230073331

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक, अप्रैल 2023 - मई 2023
प्रेषण तिथि : 11-17 प्रति माह
प्रेषण कार्यालय का पता : मुख्य डाकघर, चेतक सर्कल, उदयपुर

समाचार पत्र पंजीयन सं. : RAJBIL/2011/42978
डाक पंजीयन क्र. : आर.जे./यू.डी./29-102/2021-2023
मुद्रण तिथि : 9 प्रतिमाह

## तारा संस्थान के निःशुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग - सौजन्य राशि

### सहयोग राशि

आजीवन विशिष्ठ संरक्षक 51000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 5 मोतियाबिन्द ऑपरेशन
आजीवन संरक्षक 21000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 2 मोतियाबिन्द ऑपरेशन
आजीवन सदस्य 11000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 1 मोतियाबिन्द ऑपरेशन ( संचितनिधि में )

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 59500 रु., 09 ऑपरेशन - 31500 रु.,
06 ऑपरेशन - 21000 रु., 03 ऑपरेशन - 10500 रु., 01 ऑपरेशन - 3500 रु.

### अन्नदान योजना ( तृप्ति ) प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री

01 वर्ष - 18000 रु., 06 माह - 9000 रु., 01 माह - 1500 रु.

### विधवा मासिक पेंशन ( गौरी ) प्रति विधवा

01 वर्ष - 12000 रु., 06 माह - 6000 रु., 01 माह - 1000 रु.

### आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग )

01 वर्ष - 60000 रु., 06 माह - 30000 रु., 01 माह - 5000 रु.

### वृद्धाश्रम बुजुर्गों हेतु भोजन 4000 रु. ( एक समय / प्रतियूनिट )

**मस्ती की पाठशाला** वार्षिक शिक्षा 6000 रु. एवं भोजन 3000 रु. ( 60 बच्चे / 1 समय )

मोबाइल से स्कैन कर हाथों हाथ सहयोग भेजें।

Paytm 9549399993

Google Pay 7821855724

PhonePe 7821855724

काशी विश्वनाथ में 50 निर्धनों को भोजन दान 2100 रु.

'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

'पारस' रात्रि 7:35 से 7:55 बजे

'आस्था भजन' रात्रि 8:00 से 8:20 बजे

निवेदन : कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, अथवा : अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

**ICICI BANK (MADHUBAN)**
**A/c No. 004501021965**
**IFSC Code : ICIC0000045**

**STATE BANK OF INDIA**
**A/c No. 31840870750**
**IFSC Code : SBIN0011406**

**AXIS BANK**
**A/c No. 912010025408491**
**IFSC Code : UTIB0000097**

**HDFC**
**A/c No. 12731450000426**
**IFSC Code : HDFC0001273**

**PUNJAB NATIONAL BANK**
**A/c No. 8743000100004834**
**Code : PUNB0874300**

**BANK OF BARODA**
**A/c No. 30250100014174**
**IFSC Code : BARB0HIRANM**

**PAN CARD NO. TARA - AABTT8858J**

बुक पोस्ट

**TARA SANSTHAN**
**तारा संस्थान**
डीडवाणिया ( रतनलाल ) निःशक्तजन सेवा सदन,
236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. नं. : +91 95493 99993, +91 96493 99993
Email : info@tarasansthan.org, donation@tarasansthan.org
Website : www.tarasansthan.org